आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 05.11.2024 समय : 0705

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दो करोड़ पचास लाख से अधिक आवेदन जमा कराए गए हैं।
- आज विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है।
- कच्छाल, इंटरव्यू और तेरेसा द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना के मसौदे के लिए हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है।
- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से आज से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दो करोड़ पचास लाख से अधिक आवेदन जमा कराए गए हैं। तीन स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया के बाद इनमें से बीस लाख से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक पंजीकरण हो गया है। यह योजना पिछले सात सितम्बर में शुरू की गई थी और इसका उद्देश्य शिल्पकारों और कारीगरों को सशक्त बनाना है। तकरीबन दस लाख पंजीकृत कारीगरों को टूलकिट के लिए पन्द्रह हजार रुपये तक की राशि ई–वाउचर के जरिए मिल चुकी है।

<><><><><><><>

आज विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हिंद महासागर क्षेत्रों पर स्थित देशों के साथ–साथ अन्य क्षेत्रीय सुनामी सलाहकार सेवा प्रदाता, आई एन सी ओ आई एस, हैदराबाद तथा अंडमान निकोबार द्वीप समूह आज भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार, हैदराबाद और हिंद महासागर देशों के अन्य सेवा प्रदाताओं द्वारा राष्ट्रीय सुनामी मॉक अभ्यास में भाग लेंगे। आई एन सी ओ आई एस– आज सुबह नौ बजे से इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा में भूकंप की तीव्रता के परिदृश्यों के लिए बुलेटिन नियमित अंतराल पर बुलेटिन जारी करेगा और राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र को आई एन सी ओ आई एस से सभी बुलेटिन प्राप्त होंगे और उन्हें सभी छह आपातकालीन परिचालन केंद्रों और बंदरगाह प्रबंधन बोर्ड, पुलिस नियंत्रण कक्ष, बिजली, एपीडब्ल्यूडी और वन विभाग के विभिन्न नियंत्रण कक्षों में प्रसारित किया जाएगा, ताकि संबंधित विभागों के संचार चैनलों और एसओपी का परीक्षण किया जा सके।

<><><><><><><>

कच्छाल, इंटरव्यू और तेरेसा द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा चेन्नई को सौंपा है। चेन्नई की राष्ट्रीय वहनीय तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी कई कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

भगवान बिरसा मुण्डा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के जन नायक के रूप में जाने जाते हैं। उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने पन्द्रह नवंबर को उनकी जयंती को "जनजातीय गौरव दिवस" घोषित किया है। इस वर्ष उनकी जयंती का एक सौ पचासवां वर्ष शुरू हो रहा है जो पन्द्रह नवंबर दो हजार पच्चीस तक मनाया जाएगा। उनकी एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में वनवासी कल्याण आश्रम ने अपने परिसर में एक भव्य प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस प्रतिमा को लेकर छोटा नागपुरी समुदाय के लोगों द्वारा आज डिगलीपुर के लेमिया बे से गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न स्थानों का दौरा करते हुए मायाबंदर–रंगत–बकुलतला–कदमतला–बराटांग–जिरकाटांग के मार्गों से होते हुए श्री विजयपुरम में संपन्न होगी। बिरसा मुण्डा की प्रतिमा को पन्द्रह नवम्बर को वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांगण में स्थापित किया जाएगा।

<><><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डॉलीगंज और एल एंड टी कंस्ट्रक्शन स्कील्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कांचीपुरम की ओर से रोज़गार मेला का आयोजन किया जाएगा। आई टी आई डॉलीगंज में कल और सात नवम्बर को प्रशिक्षण सह प्लेसमेंट अभियान आयोजित की जाएगी। आई टी आई प्रमाणपत्र धारक उम्मीदवार और दसवीं या बारहवीं पास पुरूष उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। उम्मीदवार की आयु अट्ठारह से चौंतीस वर्ष होनी चाहिए। यह निशुल्क प्रशिक्षण कांचीपुरम के प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित की जाएगी। विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह साढ़े नौ बजे तक संस्थान में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सिखों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सात नवम्बर को तड़के तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बारह नवम्बर को दिन में ढाई बजे नगर कीर्तन का आयोजन होगा। तेरह नवम्बर को सुबह छः बजे निशान साहिब सेवा और आठ बजे अखंड पाठ की शुरूआत होगी। चौदह नवम्बर तक अखंड पाठ जारी रहेगा। भोग अखंड पाठ पन्द्रह नवम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होगा। साढ़े आठ बजे से दिन में ढाई बजे तक असा–दि–वार, दीवान और कीर्तन के कार्यक्रम होंगे और दिन में बारह बजे से गुरू का लंगर होगा।

<><><><><><><>

कंद कृषि प्रणाली पर जानकारी देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र नींबूडेरा की ओर से मध्योत्तर अंडमान के किसानों के लिए स्वदेशनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वदेशनगर ग्राम पंचायत के प्रधान देबब्रत दास ने किसानों विशेषतौर महिला कृषकों को सशक्त करने के लिए कृषि विभागों से समन्वय स्थापित कर स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कंद फसलों के जरिए महिलाओं को फुड पैकेजिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसानों को कंद की फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया। फसलों को रोपने और पैदावार से होने वाली आमदनी के बारे में भी जानकारी दी गई। मौसम और जलवायु के अनुसार क्षेत्र में फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। तकनीकी सत्र के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रभारी डॉ. वी. दामोदरन ने कंद फसलों की जैविक खेती के बारे में बताया। कृषि विज्ञान के विषय विशेषज्ञ राकेश दावर ने जैविक खेती प्रणालियों में कंद की उपज बढ़ाने के लिए उपयुक्त कृषि पद्धति पर किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें तैंतीस किसानों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

चेन्नई की भर्ती कार्यालय मुख्यालय की ओर से द्वीपों में सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम श्री विजयपुरम में इस महीने की छब्बीस से तीस तारीख तक रैली का आयोजन होगा। भर्ती में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची **www.jointindianarmy.nic.in** पर उपलब्ध है। फॉर्मेट भी उपलब्ध कराया गया है। आधे–अधूरे दस्तावेजों के साथ रैली में आने वाले उम्मीदवारों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एमवी चुगलम नौ नवंबर को शाम चार बजे हैडो जेट्टी से कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और जहाज संबंधित बंदरगाहों पर कार्गो उतारने व चढ़ाने के तुरंत बाद ननकौड़ी, कच्छाल, टेरेसा, चौरा और कार निकोबार होते हुए श्री विजयपुरम वापस लौटेगा। जहाज के लिए कार्गो की बुकिंग आज सवेरे नौ बजे से बारह बजे के बीच की जा सकती है। समानों को जहाज में चढ़ाने का कार्य सात नवम्बर से शुरू होगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति के वन स्टॉप केन्द्र में कार्यालय सहायक के एक और सुरक्षा गार्ड के दो पदों पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। कार्यालय सहायक के लिए पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी, जबकि सुरक्षा गार्ड के लिए दस हजार रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की जाएगी। उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म उनतीस नवम्बर शाम पांच बजे तक गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>